"हर काम देश के नाम"
रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी -226002
Principal Controller of Defence Accounts (Army) Cariappa Road,
Lucknow Cantt.– 226002
कार्यालय फोन सं.-0522-2451084/कार्यालय फ़ैक्स सं-0522-2453038
Office Phone No.-0522-2451084/Office Fax No.-0522-2453038
Email ID - pcdaccan1a.dad@gov.in

महत्वपूर्ण परिपत्र

सं. प्रशा./1अ/1004/विविध/2023 दि. 11.12.2023

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी
मुख्य कार्यालय लखनऊ के सभी अनुभाग

विषय: रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) लखनऊ के तत्वावधान में गाजीपुर एवं आजमगढ़ में कैम्पेन चलाये जाने के संबंध में |

****

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराया जाता है कि सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा 02(दो) स्थानो **गाजीपुर तथा आजमगढ़** में पेंशनर को स्पर्श (SPARSH) के बारे में जागरूक करने तथा उनकी स्पर्श (SPARSH) से संबन्धित समस्याओं (Grievances) के समुचित निस्तारण हेतु विशेष कैम्पेन चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है | उक्त विशेष कैम्पेन **01 माह की अवधि** का होगा तथा इसमे 02 पृथक टीमे गठित की जानी है | इस कैम्पेन में भाग लेने हेतु मुख्य कार्यालय से इच्छुक सहायक लेखा अधिकारी/वरिष्ठ लेखा परीक्षक /लेखा परीक्षक के नाम लिया जाना है जिससे सर्वोत्तम दलो का गठन कर कैम्पेन को सफल बनाया जा सके | सर्वोत्तम दल के गठन हेतु इच्छुक सदस्यों को निम्नलिखित कार्यों में निपुण एवं प्रवीण होने की अपेक्षा की जाती है –

1) स्पर्श सेवा केंद्र की प्रकृति के अनुसार दल के सदस्य को कम्प्युटर पर लगातार बैठकर कार्य करने में सक्षम होना चाहिए |
2) दल के सदस्यों को स्पर्श पर कार्य किए जाने का अनुभव तथा रक्षा पेंशन भोगियों के पेंशन के नियमों/विनियमों के बारे में समुचित जानकारी भी होनी चाहिए |
3) दल के सदस्यों को धैर्यवान ,सहनशील,पेंशनभोगी केन्द्रित ,सकारात्मक रवैया वाला तथा मृदु भाषी होना चाहिए |

अतः उपरोक्त संबंध में उक्त दोनो स्थानो पर कार्य करने के इच्छुक सहायक लेखाधिकारी ,व.ले.प./ले.प. अपना नाम **स्पर्श सेवा केंद्र,मुख्य कार्यालय लखनऊ** में दिनांक-14.12.2023 तक प्रेषित करें | साथ ही स्वैच्छिक आवेदन की एक प्रति इस अनुभाग को भी प्रेषित करने का कष्ट करें |

-हस्ता॰-
वरि. लेखाधिकारी (प्रशा.)

वर्गाधिकारी (प्रशा.) द्वारा अवलोकित |

प्रतिलिपि:
प्रभारी अधिकारी
स्वचलन कक्ष - वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु |

वरि. लेखाधिकारी (प्रशा.)